# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में जेम्स - ज्वेलरी प्रदर्शनी - 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(A) जयपुर

(B) अजमेर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान में जेम्स - ज्वेलरी प्रदर्शनी - 2026 का आयोजन किया जाएगा

15 - 16 मार्च, 2026 को समय: सुबह 10:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक स्थल: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजन

यह प्रदर्शनी जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) एवं राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी

## Yesterday Revision

01. वेयरहाउस स्पेस के कुल व्यवसाय के मामले में भी जयपुर देश के प्रमुख टियर 2 शहरों में तीसरे नंबर पर पहुंच गया

02. झुंझुनूं जिले के खेतड़ी उपखंड के रामपुरा क्षेत्र में जमीन के नीचे दबी प्राचीन सभ्यता के अवशेष मिलने के संकेत मिले हैं. प्रारंभिक जांच में यह सभ्यता 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच की मानी जा रही है.

03. राजस्थानी कहानी संग्रह “काया री कळझळ” के लिए संतोष चौधरी को राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार

04. अलवर ऐतिहासिक सिलीसेढ़ झील को प्रदेश की सबसे आदर्श आर्द्रभूमि (मॉडल वैटलैण्ड) के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

05. राजस्थान में 17 जिलों की सीमाओं को कवर करते हुए ₹40,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) अलवर जिले के टपूकड़ा स्थित होण्डा कार्स इंडिया लिमिटेड के संयंत्र में जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन शुरू होने जा रहा ह

(B) वर्ष 2003 में टपूकड़ा संयंत्र का शिलान्यास हुआ था

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के अलवर जिले के टपूकड़ा स्थित होण्डा कार्स इंडिया लिमिटेड के संयंत्र में जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन शुरू होने जा रहा है. कंपनी इसी साल अपने पहले इलेक्ट्रिक मॉडल का निर्माण यहां शुरू करेगी
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान होण्डा के पहले ईवी मॉडल (होण्डा अल्फा) का अनावरण किया.
- वर्ष 2007 में टपूकड़ा संयंत्र का शिलान्यास हुआ था और 2014 में यहां से वाहनों का उत्पादन शुरू हुआ. अब 2026 में इलेक्ट्रिक वाहनों के पहले उत्पादन के लिए इसी संयंत्र का चयन
- यहां इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन शुरू होना राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा और पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता भी कम होगी.

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) देश में राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में राजस्थान 12वें से फिसलकर 14वें स्थान पर चला गया है।

(2) नीति आयोग की इस 2023-24 की रिपोर्ट में राजस्थान का फिसकल हैल्थ स्कोर मात्र 27.6 स्कोर तक पहुंच सका है

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश में राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक यानी फिसकल हैल्थ इंडेक्स-2026 में राजस्थान 12वें से फिसलकर 14वें स्थान पर चला गया है। नीति आयोग की इस 2023-24 की रिपोर्ट में सभी राज्यों की स्थितियों का आकलन किया गया है।
- रिपोर्ट में राजस्थान को एस्पिरेशनल यानी सुधार की आवश्यकता वाली श्रेणी में रखा गया है। इसके बावजूद सूचकांक में राजस्थान का प्रदर्शन व्यय की गुणवत्ता (Quality of Expenditure) में अन्य सूचकांकों की तुलना में बेहतर रहा है।
- फिसकल हैल्थ इंडेक्स में देशभर के राज्यों का फिसकल हैल्थ स्कोर 12.4 से 73.1 तक है। इसमें राजस्थान मात्र 27.6 स्कोर तक पहुंच सका है।
- जबकि उड़ीसा, बिहार जैसे पिछड़े माने जाने वाले राज्य हमसे आगे हैं। जबकि 2022 23 के इंडेक्स में राजस्थान का यह स्कोर 28.4 था।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. राजस्थान सरकार के किस संयुक्त उपक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'डायमण्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?

(A) राजस्थान रिन्यूएबल्स लिमिटेड

(B) राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड

(C) राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) को स्मार्ट गैस वितरण के क्षेत्र में आईओटी आधारित तकनीक के प्रभावी उपयोग और नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'डायमण्ड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।
- नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इंडिया स्मार्ट ग्रीड फोरम द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।
- राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड की ओर से उपमहाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव और सीपी चौधरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया
- उन्नत आईओटी तकनीक के माध्यम से सीएनजी स्टेशनों का संचालन रियल टाइम निगरानी प्रणाली के आधार पर किया जा रहा है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राजस्थान में अवसाद, चिन्ता एवं आत्महत्या आदि की रोकथाम हेतु राज-ममता कार्यक्रम चलेगा

(2) जोधपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेंटल हैल्थ की स्थापना की जाएगी

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए बजट 2026-27 की प्रमुख घोषणाएं की है
- अवसाद, चिन्ता एवं आत्महत्या आदि की रोकथाम हेतु राज-ममता (राजस्थान मेंटल अवेयरनेस, मेंटरिंग एंड ट्रीटमेंट फॉर ऑल) कार्यक्रम
- टेलीमेडिसिन एवं उच्च स्तरीय सेवाओं के लिए सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मेंटल हैल्थ की स्थापना
- मानसिक रोगों की शीघ्र पहचान कर परामर्श, उपचार, पुनर्वास एवं रेफरल सेवाओं के लिए जिला मुख्यालयों पर मेंटल हैल्थ केयर सेल की स्थापना

05. हाल ही में शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए 'विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि से किसे विभूषित किया गया है?

(A) दीया कुमारी

(B) वासुदेव देवनानी

(C) भजनलाल शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बीकानेर में 13 मार्च को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू) के चतुर्थ दीक्षान्त समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।
- इस अवसर पर कुलगुरु ने देवनानी को शिक्षा एवं समाज के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए 'विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि से भी विभूषित किया।
- साथ ही राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे के संबोधन का वाचन किया

# Sujas QUIZ

जयपुर, गुरुवार, 12 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-22

1. **वर्तमान** राज्य सरकार ने पिछले 2 वर्षों में कितने खिलाड़ियों को 'आउट ऑफ टर्न' सरकारी नियुक्तियां दी हैं?
(A) 150 (B) 186
(C) 248 (D) 300

2. **राइजिंग** राजस्थान के निवेश समझौतों के तहत 'डेटा सेंटर' और 'मेडिकल साइंसेज संस्थान' कहां स्थापित किया जा रहा है?
(A) जोधपुर (B) अलवर
(C) जयपुर (D) सीकर

3. **राइजिंग** राजस्थान प्रोजेक्ट्स के तहत धरातल पर शुरू हुए कार्यों के संबंध में कौन सा/से विकल्प सही सुमेलित है?
(A) हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग इकाई - जोधपुर
(B) प्लास्टिक पैकेजिंग इकाई - धौलपुर
(C) एग्रो आधारित उद्योग - सीकर
(D) उपर्युक्त सभी

4. **राज्य** में छोटे उद्यमियों को आसानी से जमीन उपलब्ध कराने के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया में सुधार करते हुए लीज व्यवस्था को कितना कर दिया गया है?
(A) 33 वर्ष (B) 49 वर्ष
(C) 50 वर्ष (D) 60 वर्ष

5. **राज्य** की भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा हाल ही में कितने एकड़ का 'भूमि बैंक' बनाया गया है?
(A) 2 हजार एकड़
(B) 5 हजार एकड़
(C) 8 हजार एकड़
(D) 10 हजार एकड़

Today, Quiz:

**Q. राजस्थानी कहानी संग्रह "काया री कळझळ" के लिए किसे राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार मिलेगा?**

(A) माया शर्मा

(B) संतोष चौधरी

(C) आशा चौधरी

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine